पटना

पटना। मंगलवार • 11 अक्टूबर • 2022

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

Induction Program Date- 11-10-2022

सकारात्मक विचार शिक्षक की पूंजी : प्रो. आशुतोष

पटना। पटना ट्रेनिंग कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय में बीएड सत्र 2022-24 के नव नामांकित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेसी सुशील मोदी एवं प्राचार्य पटना ट्रेनिंग कॉलेज प्रो. आशुतोष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डॉ. मोदी ने बताया कि छात्र के व्यवहार को समझना अच्छे शिक्षक के लिए जरूरी है। प्राचार्य प्रो. आशुतोष ने कहा कि सकारात्मक विचार, मेहनत व अनुशासन ही अच्छे सफलता की पूंजी है। डॉ. ऋषिकेश बहादुर ने शिक्षण कौशल के महत्व पर विचार व्यक्त किया। राकेश कुमार ने कॉलेज के इतिहास पर चर्चा की। डॉ. प्रभुनाथ सिंह ने मनोवैज्ञानिक पीयाजे पर विचार रखा। कंदन कुमार ने योग के बारे में बताया। अमित कुमार ने शिक्षा में संगीत के महत्व पर बल दिया। राज लक्ष्मी ने शैक्षिक उद्देश्य के बारे में बताया। समारोह में सत्र 2021-23 के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।